भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 2040**

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 31 जुलाई, 2015/9श्रावण, 1937 (शक) को दिया गया)

**कारपोरेट धोखाधड़ी**

**2040. श्री रवनीत सिंह :**
**श्री पी. सी. मोहन :**
**श्री अधीन रंजन चौधरी :**
**श्री बी. विनोद कुमार :**
**डॉ. मनोज राजोरिया :**
**श्रीमती आर. वनरोजा :**
**श्री विद्युत वरण महतो :**
**श्री नारणभाई काछड़िया :**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश में कारपोरेट धोखाधड़ी/चिट-फंड घोटाले जिसमें संलिप्त कंपनियां अपनी सहायक कंपनियों को लोगों की धनराशि अंतरित कर देती हैं और स्वयं को दिवालिया घोषित कर देती हैं, से संबंधित मामले सरकार के ध्यान में आए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी कंपनी-वार ब्यौरा क्या है तथा उक्त अवधि के दौरान ऐसे मामलों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार लोगों की कितनी धनराशि फंसी हुई है;

(ख) सरकार द्वारा जांच की गई ऐसे मामलों की संख्या कितनी है और उक्त अवधि के दौरान देश में दंडित किए गए कंपनियों के लेखापरीक्षकों/निदेशकों की कंपनी-वार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या निगरानी और विनियामक तंत्र स्थापित किया गया है;

(घ) क्या सरकार ने ऐसी धोखाधड़ी/घोटालों पर अंकुश लगाने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया से सहयोग मांगा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त संस्थानों की अब तक क्या प्रतिक्रिया है; और

.....2/-

(ड.) सरकार द्वारा देश में ऐसी धोखाधड़ियों/घोटालों पर नियंत्रण लगाने और निवेशकों के हितों के संरक्षण के लिए अन्य क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्री** **(श्री अरुण जेटली)**

**(क) और (ख):** मंत्रालय ने पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान अवैध रूप से धन जमा करने सबंधी गतिविधियों में कथित रूप से संलिप्त 145 कंपनियों के मामलों में जांच के आदेश दिए हैं। इन कंपनियों की एक राज्य-वार सूची अनुलग्नक के रूप में संलग्न की गई है। ऐसे बहुत से मामलों में जिनकी जांच कर ली गई है, उनमें यह पाया गया है कि इस तरह एकत्र की गई निधि का अन्यथा हस्तांतरण किया गया है और/या कंपनियों द्वारा ऐसी जमा राशि के पुन:भुगतान में गड़बड़ी की गई है;

**(ग):** ऐसी गतिविधियों का विनियमन निम्नलिखित अधिनियमों में कवर होता है:-

(i) चिट-फंड अधिनियम, 1982 के तहत सभी चिट फंडों को संबंधित राज्य सरकार से पूर्व अनुमोदन लेना होता है।

(ii) इनामी चिट और धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम, 1978, को लागू करना राज्य सरकारों पर निर्भर करता है यह अधिनियम अवैध चिट-फंड योजनाओं को परिभाषित करता है तथा रोकता है।

(iii) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लागू आरबीआई अधिनियम, 1934 किसी भी व्यक्ति विशेष या किसी फर्म या व्यक्तियों के अनिगमित समूह को जमा स्वीकार करने से रोकता है।

(iv) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा लागू सेबी अधिनियम, 1992 सामूहिक निवेश योजना को विनियमित करता है।

(v) कंपनी अधिनियम, 2013 (धारा 73 से 76 तक) के साथ पठित कंपनी (जमाओं की स्वीकृति) नियम, 2014 ।

(vi) जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कुछ राज्यों ने विशेष कानून बनाए हैं।

**(घ) और (ड.):** उपर्युक्त नियमों एवं विनियमों को लागू करने के अलावा, निवेशकों के हितों की रक्षा हेतु तथा धोखाधड़ी में कथित रूप से संलिप्त कंपनियों के मामलों की प्रभावशाली जांच करने हेतु निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:-

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 में 'धोखाधड़ी' को एक गंभीर अपराध के रूप में परिभाषित किया गया है;

(ii) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(12) में किसी कंपनी के लेखापरीक्षक को किसी भी धोखाधड़ी की रिपोर्ट धोखाधड़ी की राशि के अनुसार निदेशक मंडल या लेखापरीक्षा समिति या केन्द्रीय सरकार को देना अपेक्षित है।

*****

**अनुलग्नक**

## अनधिकृत रूप से जमा राशि एकत्र करने वाली कंपनियों के संबंध में दिए गए जांच आदेशों की सूची

**वर्ष 2012-13**

| क्र.सं. | कंपनी का नाम | राज्य/संघ राज्य | अनुमानित राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | बासिल इंटरनेशनल लि. | दिल्ली एंड उत्तर प्रदेश | 1721.00 करोड़ रुपए |
| 2. | वामिशी कैमिकल्स लि. | | |
| 3. | निक्सिल फार्मास्यूटीकल्स स्पेशिलिटीज लि. | | |
| 4. | एप्लाइन कॉस्मेटिक्स एंड टॉयलेटरिज लि. | | |
| 5. | | | |
| | बासिल एक्सप्रेस लि. | | |
| 6. | एबीसीइंडिया नेटवर्क्स प्रा.लि. | दिल्ली | 48.00 करोड़ रुपए |
| 7. | यूनीगेटवे 2यू ट्रेडिंग प्रा. लि. | तमिलनाडु | 791.53 करोड़ रुपए |
| 8. | यूनीपे 2यू मार्केटिंग प्रा.लि. | | |
| 9. | यूनीपे क्रिएटिव बिजनेस प्रा.लि. | | |
| 10. | यूनीपे 2यू प्रोडक्शन प्रा. लि. | | |
| 11. | लाइफ बिजनेस प्रोजेक्ट प्रा.लि. | दिल्ली | उपलब्ध नहीं |
| 12. | अलकेमिस्ट इंफ्रा रियल्टी लि. | दिल्ली | उपलब्ध नहीं |
| 13. | स्पीकएशिया ऑनलाइन प्रा.लि. (सिंगापुर) | महाराष्ट्र | 3494.00 करोड़ रुपए |
| 14. | तिलसियात टेक प्रा.लि. | | |
| 15. | सिमलेस आऊटसोर्सिंग एलएलपी | | |
| | **वर्ष 2013-14** | | |
| 16. | रोज वैली रियल एस्टेट एंड कंस्ट्रक्शन लि. | पश्चिम बंगाल | 10281.00 करोड़ रुपए |
| 17. | रोजवैली इंडस्ट्रीज लि. | | |
| 18. | सिल्वर वैली कम्युनिकेशन्स लि. | | |
| 19. | रोजवैली फूड बेवरेज लि. | | |
| 20. | रोजवैली मार्केटिंग इंडिया लि. | | |
| 21. | रोजवैली इंफोटेक प्रा.लि. | | |
| 22. | रोजवैली होटल्स एंड एंटरटेनमेंट लि. | | |
| 23. | रोजवैली प्रोजेक्ट्स लि. | | |
| 24. | रोजवैली पत्रिका लि. | | |
| 25. | रोजवैली फिल्म्स लि. | | |
| 26. | मार्डन इंवेस्टमेंट ट्रेडर्स प्रा.लि. | | |
| 27. | रोजवैली ट्रैवल्स प्रा.लि. | | |
| 28. | ब्रांड वैल्यू कम्युनिकेशन्स लि. | | |
| 29. | रोजवैली हाउसिंग डेवल्पमेंट फाइनेंस कारपोरेशन लि. | | |
| 30. | रोजवैली एयरलाइंस लि. | | |
| 31. | रोजवैली फैशन्स प्रा. लि. | | |
| 32. | रूपसी बांग्ला प्रोजेक्ट्स इंडिया लि. | | |
| 33. | रूपसी बांग्ला मीडिया एंड एंटरटेनमेंट लि. | | |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 34 | रोज वैली रियलकॉम लि. | | |
| 35 | आईकोर ई-सर्विसेज लि. | पश्चिम बंगाल | उपलब्ध नहीं |
| 36 | आईकोर अपैरल्स प्रा.लि. | | |
| 37 | आईकोर पैंट्स प्रा.लि. | | |
| 38 | आईकोर आयरन एंड स्टील प्रा.लि. | | |
| 39 | आईकोर सुपर सीमेंट्स प्रा.लि. | | |
| 40 | रिजू सीमेंट लि. | | |
| 41 | मेगा मोल्ड इंडिया लि. | | |
| 42 | पपाइरस इंफोटेक | | |
| 43 | आईकोर ग्लोबल मैडिसिन्स प्रा.लि. | | |
| 44 | आईकोर ज्वैलर्स एंड जैम्स प्रा.लि. | | |
| 45 | आईकोर पोलीफेब प्रा.लि. | | |
| 46 | आईकोर हाउसिंग फाइनेंस कारपोरेशन लि. | | |
| 47 | शारदा रियल्टी इंडिया लि. | पश्चिम बंगाल | 2394.00 करोड़ रुपए |
| 48 | शारदा एग्रो डेवल्पमेंट लि. | | |
| 49 | शारदा एक्सपोर्ट्स लि. | | |
| 50 | शारदा शापिंग मॉल प्रा.लि. | | |
| 51 | शारदा प्रिटिंग एंड पब्लिकेशन प्रा.लि. | | |
| 52 | शारदा टूर्स एंड ट्रैवल्स प्रा.लि. | | |
| 53 | शारदा एज्यूकेशन एंटरप्राईज लि. | | |
| 54 | शारदा कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रा.लि. | | |
| 55 | शारदा गार्डन रिसोर्ट्स एंड होटल्स प्रा.लि. | | |
| 56 | शारदा लैंडमार्क सीमेंट प्रा.लि. | | |
| 57 | रोज कैपिटल लि. | | |
| 58 | बंगाल मीडिया प्रा.लि. | | |
| 59 | भसंक फूड प्रा.लि. | | |
| 60 | ग्लोबल ऑटोमोबाईल्स लि | | |
| 61 | सनशाइन इंडिया लैंड डेवल्पर्स लि. | पश्चिम बंगाल | 30.00 करोड़ रुपए |
| 62 | सनशाइन म्युचूअल बैनिफिट्स लि. | | |
| 63 | सनशाइन लैंड प्रोजेक्ट्स लि. | | |
| 64 | साहू इंवेस्टमेंट म्युचूअल बैनिफिट्स कंपनी लि. | | |
| 65 | साहू इंवेस्टमेंट कारपोरेशन लि. | | |
| 66 | निर्मला साहू बिजनेस कॉम्पलेक्स प्रा. लि. | | |
| 67 | शिव नेस्ट्स प्रा. लि. | | |
| 68 | सिनर्जी टाई-अप प्रा. लि. | | |
| 69 | निर्मला ड्वेलिंग्स प्रा.लि. | | |
| 70 | यूआरओ इंफ्रा रियल्टी इंडिया लि. | पश्चिम बंगाल | उपलब्ध नहीं |
| 71 | यूआरओ होटल्स एंड रिसोर्ट्स इंडिया लि. | | |
| 72 | यूआरओ हाईजेनिक फूड लि. | | |
| 73 | यूआरओ इंफोटेक लि. | | |
| 74 | यूआरओ लाइफकेयर लि. | | |
| 75 | यूआरओ ट्रेक्सिम लि. | | |
| 76 | यूआरओ आटोटेक लि. | | |
| 77 | यूआरओ एग्रो इंडिया लि. | | |
| 78 | यूआरओ वाकर्स लि. | | |
| **वर्ष 2014-15** | | | |
| 79 | मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स लि. | पश्चिम बंगाल | उपलब्ध नहीं |
| 80 | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 81 | रामेल इंडस्ट्रीज लि. | पश्चिम बंगाल | उपलब्ध नहीं |
| 82 | गैन लेबोरेटरी प्रा.लि. | | |
| 83 | रामेल मार्ट प्रा.लि. | | |
| 84 | रामेल मीडिया एंड एडवरटाइजिंग प्रा.लि. | | |
| 85 | रामेल रियल इस्टेट एंड इंफ्रस्ट्रक्चर लि. | | |
| 86 | रामेल सी फूड लि. | | |
| 87 | तमन्ना आईटी सल्यूशंस लि. | | |
| 88 | रामेल फार्मा लि. | | |
| 89 | रामेल हास्पिटालिटी प्रा.लि. | | |
| 90 | रामेल इंफोटेक प्रा.लि. | | |
| 91 | रामेल एग्रोटेक लि. | | |
| 92 | रामेल होटल एंड रिसॉर्ट्स प्रा.लि. | | |
| 93 | रामेल इम्पेक्स प्रा.लि. | | |
| 94 | रामेल इश्योरेंस एजेंसी प्रा.लि. | | |
| 95 | सिग्नस पब्लिशर्स लि.<br>रामेल बायो फर्टिलाइजर प्रा.लि. | | |
| 96 | राहुल हाईराइज लि. | पश्चिम बंगाल | उपलब्ध नहीं |
| 97 | सृष्टि आभा फूड एंड वेबरेजेस प्रा.लि. | | |
| 98 | राहुल मीडिया एंड इंटरनटेनमेंट लि. | | |
| 99 | राहुल वुड वर्क्स लि. | | |
| 100 | वीकायन प्रापर्टीज प्रा.लि. | | |
| 101 | होटल सी-कोस्ट प्रा.लि. | | |
| 102 | राहुल भूमि विकास लि. | | |
| 103 | राहुल हाइट्स लि. | | |
| 104 | राहुल रियल इस्टेट्स प्रोजेक्टस लि. | | |
| 105 | राहुल इन हॉस्पिटालिटी लि. | | |
| 106 | आइडियाज रियल-कॉन लि. | | |
| 107 | आइडियाज रियल इस्टेट लि. | | |
| 108 | आइडियाज हेल्थकेयर लि. | | |
| 109 | आइडियाज ब्रोकिंग लि. | | |
| 110 | जेनिक्स टेक्नोलॉजीज प्रा.लि. | | |
| 111 | एडवेंटस क्रिएशंस प्रा.लि. | | |
| 112 | सी-शोर सिक्युरिटीज लि. | उड़ीसा | उपलब्ध नहीं |
| 113 | सी-शोर एग्रीकल्चर प्रामोशन कंपनी प्रा.लि. | | |
| 114 | सी-शोर हेल्थकेयर प्रा. लि. | | |
| 115 | सी-शोर फार्मास्युटिकल्स प्रा.लि. | | |
| 116 | सी-शोर कूरियर एंड कार्गो प्रा. लि. | | |
| 117 | सी-शोर डेयरी प्रोडक्ट्स प्रा.लि. | | |
| 118 | सी-शोर पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज लि. | | |
| 119 | सी-शोर कंसल्टेंसी एंड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | | |
| 120 | फॉल्कन कंसल्टेंसी प्रा.लि. | | |
| 121 | रॉयल पर्पल होटल्स प्रा.लि. | | |
| 122 | साजीएरियन सिस्टम्स प्रा.लि. | | |
| 123 | फ्लोरेंस बायोटेक प्रा.लि. | | |
| 124 | सौभाग्य ड्रिंक्स प्रा.लि. | | |
| 125 | श्री कृष्णा एग्रीकल्चर प्रा.लि. | | |
| 126 | जातिश एग्रो एंड आयल प्रोडक्ट्स प्रा.लि. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 127 | सागर मीडिया एंड इंटरटेनमेंट प्रा.लि. | | |
| 128 | सी-शोर कैपिटल प्रा.लि. | | |
| 129 | सी-शोर शिपिंग कंपनी प्रा.लि. | | |
| | **वर्ष 2015-16** | | |
| 130 | शारदा हाउसिंग प्रा.लि. | पश्चिम बंगाल | उपलब्ध नहीं |
| 131 | अम्बुजा त्रिपुरी इंफ्रा (इंडिया) लि. | उड़ीसा | उपलब्ध नहीं |
| 132 | अम्बुजा त्रिपुरी बिजनेस प्रा.लि. | | |
| 133 | अर्थतत्व कंसल्टेंसी प्रा.लि. | | |
| 134 | अर्थतत्व वर्ल्ड वेंचर्स प्रा.लि. | | |
| 135 | अर्थतत्व फूडमार्ट प्रा.लि. | | |
| 136 | अर्थतत्व कैपिटल लि. | | |
| 137 | अम्बुजा त्रिपुरी इंजीनियरिंग प्रा.लि. | | |
| 138 | उड़ीसा हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट | | |
| 139 | हिलिअस एंड मैथेसन इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी लि. | तमिलनाडु | उपलब्ध नहीं |
| 140 | ग्रांड व्यापार प्रा. लि. | पश्चिम बंगाल | उपलब्ध नहीं |
| 141 | अल्ट्रा टाई-अप प्रा. लि. | | |
| 142 | हैप्पी टाई-अप लि. | | |
| 143 | सफारी इंफ्रा डेवलपर्स प्रा.लि. | | |
| 1444 | बेस्ट टाई-अप लि. | | |
| 145 | साहू लैंड डेवलपर्स प्रा.लि. | | |

*****